बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-23
16/01/2026

# मुख्यमंत्री ने पश्चिम चंपारण जिला से समृद्धि यात्रा–2026 की शुरुआत की, चनपटिया के कुमारबाग में औद्योगिक क्षेत्र का किया भ्रमण, अधिकारियों को दिए निर्देश

पटना, 16 जनवरी 2026 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज समृद्धि यात्रा की शुरुआत करते हुए पश्चिम चंपारण जिले के चनपटिया प्रखंड के कुमारबाग औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कुमारबाग स्थित निर्माणाधीन वर्धन सी0बी0जी0 प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि यह जल्द शुरू हो जाएगा। इसके बाद मुख्यमंत्री ने विशेष आर्थिक क्षेत्र, कुमारबाग का निरीक्षण किया तथा वहां निर्माण कराई जाने वाली विभिन्न औद्योगिक इकाइयों को भी देखा। मुख्यमंत्री ने प्राइमरी प्रोसेसिंग सेंटर, कुमारबाग का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया एवं कुमारबाग स्थित कामकाजी महिला छात्रावास के भवन का शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत व्यवसाय शुरू करने वाले उद्यमियों के विभिन्न उत्पादों का निरीक्षण किया। स्टॉल निरीक्षण के दौरान उन्होंने खाद्य उत्पाद, गारमेंट्स, फ्लाई ऐश ब्रिक्स और बाथिंग लग्जरी आदि से जुड़े स्टॉलों को देखा। मुख्यमंत्री ने वहां मौजूद उद्यमियों से उत्पाद निर्माण, लाभ और गुणवत्ता के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने कुमारबाग में कार्यरत विभिन्न औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण कर वहां निर्मित होने वाले उत्पादों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने निर्मित उत्पादों की सराहना करते हुये कहा कि यहां औद्योगिक इकाई अच्छी बनी है और सभी लोग अच्छा काम कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि सभी लोग आगे बढ़ें, अपना व्यवसाय बढ़ाएं। सरकार उन्हें हरसंभव मदद करेगी। उन्होंने कहा कि उद्यमी और निवेशकों के लिए राज्य सरकार विभिन्न प्रोत्साहन योजनाएं चला रही है ताकि निवेशकों को अनुकूल औद्योगिक वातावरण मिल सके और बेहतर ढंग से उद्योग स्थापित हो सके। कुमारबाग में विभिन्न औद्योगिक इकाइयां स्थापित की जा रही है, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। इससे इस क्षेत्र का सामाजिक और आर्थिक विकास तेजी से हो रहा है। कुमारबाग एक सशक्त औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से बातचीत की। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपकी पहल से हमलोगों का जीवन अच्छा हुआ है और हमारा परिवार आगे बढ़ रहा है।

निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, सांसद डॉ0 संजय कुमार जायसवाल, सांसद श्री सुनील कुमार, विधायक श्री समृद्ध वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, उद्योग विभाग के सचिव श्री कुंदन कुमार, तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त श्री गिरिवर दयाल सिंह,

चंपारण प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री हरकिशोर राय, पश्चिम चंपारण के जिलाधिकारी श्री तरणजोत सिंह, पुलिस अधीक्षक, बेतिया श्री शौर्य सुमन सहित अन्य वरीय अधिकारी, उत्पादन इकाइयों के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

******